डीजी-परिपत्र संख्या-12 /2026

राजीव कृष्णा
आई0पी0एस0

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश
पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार,
लखनऊ-226002

दिनांकःलखनऊःफरवरी 14 ,2026

विषय : गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों के प्रकरणों में संबंधित पोर्टलों को अद्यतन करते हुये समयबद्ध विवेचनात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश।

प्रिय महोदय/महोदया,

| |
|---|
| डीजी परिपत्र-06/2013 दिनाक 02.02.2013 |
| डीजी परिपत्र-12/2013 दिनांक 11.04.2013 |
| डीजी परिपत्र-36/2015 दिनांक 18.05.2015 |
| डीजी परिपत्र-52/2016 दिनांक 24.08.2016 |
| डीजी परिपत्र-42/2017 दिनांक 02.12.2017 |
| डीजी परिपत्र-32/2018 दिनांक 21.06.2018 |
| डीजी परिपत्र-04/2021 दिनांक 08.02.2021 |
| डीजी परिपत्र-39/2025 दिनांक 05.10.2025 |

जैसा कि आप अवगत है कि गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों की घटनाओं का होना एक गम्भीर चिंता का विषय है ऐसी घटनाओं की रोकथाम एवं त्वरित विवेचनाओं के निस्तारण के संबंध में मुख्यालय स्तर से समय-समय पर पार्श्वांकित परिपत्र निर्गत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। इस प्रकार की धटनाए घटित होने से जनमानस में असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है तथा घटनाओं का त्वरित एवं समयबद्ध अनावरण न होने से जनता में पुलिस के प्रति अविश्वास की भावना बढती है। ऐसी घटनाओं का तत्परता से निस्तारण न किये जाने के कारण माननीय न्यायालयों द्वारा भी समय-समय पर टिप्पणियाँ की जाती है।

यह तथ्य संज्ञान में आया है कि गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों के संबंध में CCTNS Portal पर Missing Persons से संबंधित IIF Form-8 को अद्यतन नही किये जाने के फलस्वरूप गुमशुदगी के सापेक्ष बरामदगी कम प्रदर्शित हो रही है। इससे परिलक्षित होता है कि CCTNS Portal पर प्रदर्शित IIF Form-8 "गुमशुदा व्यक्ति का पंजीकरण" का समुचित पर्यवेक्षण नही होने के कारण बरामदगी की स्थिति को पोर्टल पर अपडेट नही किया जा रहा है।

**किसी व्यक्ति अथवा बालक के गुमशुदा होने की सूचना प्राप्त होने पर कार्यवाही हेतु निर्देश** निम्नवत हैः-

- NCRB द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा IIF Form-8 को CCTNS Portal पर प्रदर्शित **"गुमशुदा व्यक्ति का पंजीकरण" में दिये गये सभी 05 स्क्रॉल :-**

  **1- जनरल विवरण**
  **2- शिकायतकर्ता सूचना**
  **3- गुमशुदा व्यक्ति का विवरण**
  **4- गुमशुदा व्यक्ति का शारीरिक विवरण**
  **5- आई0ओ0/ई0ओ0 विवरण**

  **के सभी कालमों को अवश्य अद्यतन किया जाय।**

- CCTNS Portal पर गुमशुदा व्यक्तियों की दिनॉक 13.02.2026 को समीक्षा करने पर दिनॉक 01.01.2024 से 18.01.2026 के मध्य गुमशुदा व्यक्तियों के संलग्न विवरणानुसार बरामदगी का प्रतिशत 79.36 पाया गया। शेष बरामदगी के संबंध में एक सप्ताह का अभियान चला कर कार्यवाही पूर्ण करायें ।

- CCTNS Portal पर प्रदर्शित IIF Form-8 "गुमशुदा व्यक्ति का पंजीकरण" की नियमित मानीटरिंग की जाय ।

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा Track the Missing Child Portal/खोया पाया पोर्टल को एकीकृत करते हुये NIC के माध्यम से विकसित नये "Mission Vatsalya Portal" में गुमशुदा बच्चों की जानकारी का पूर्ण विवरण अवश्य अपलोड किया जाय ।

- गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों के मिलने पर या स्वयं घर आने पर विवेचक का यह दायित्व होगा कि वह गुमशुदा/लापता से यह जानकारी प्राप्त करेगा कि वह किन परिस्थितियों में गायब हुआ था और किस प्रकार वापस आया। इसके संबंध में कोई अपराध ज्ञात नही होता है तभी अभियोग में अन्तिम रिर्पोट प्रेषित की जायेगी अन्यथा अपराध की जानकारी होनें पर नियमानुसार अग्रिम विवेचना की जायेगी ।

- गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों के प्रकरण में किसी आपराधिक गिरोह के संलिप्त होनें का संदेह होने पर एक से अधिक टीम बनाकर समस्त सूचनाएं एकत्रित कराते हुये तत्परता से अपराधियों के पकडने और सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जाय ।

- गुमशुदगी संबंधी प्रकरणों में विवेचना के दौरान मानव तस्करी से संबंधित कोई साक्ष्य प्रकट होनें की स्थिति में विवेचना जनपदीय पुलिस प्रमुख के आदेश से ए0एच0टी0 थाने को स्थानान्तरित की जायेगी ।

- प्रत्येक माह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त द्वारा गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों की बरामदगी के लिये अभियान चलाकर ढूँढने का प्रयास करेंगे।

- परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक तथा कमिश्नरेट में संयुक्त पुलिस आयुक्त/अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वारा प्रत्येक 03 माह में इस संबंध में की गई कार्यवाही की समीक्षा करेंगे।

- जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस आयुक्त द्वारा गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों की समय-समय पर समीक्षा करेंगे ।

ज्ञातव्य है कि वर्तमान में Yaksh app चरणबद्ध रूप से Rollout कराये जाने की प्रक्रिया प्रचलित है । इस ऐप में गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों के संबंध में भी सुविधा प्रदान की गई है। NCRB द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा IIF Form-8 जो CCTNS Portal पर उपलब्ध है, को Yaksh app से लिंक किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है। भविष्य में ऐसे गुमशुदा/लापता व्यक्तियों एवं बच्चों की सूचना दर्ज होने पर संबंधित बीट कर्मियों को स्वतः प्रदर्शित होने लगेगा। बीट कर्मियों के

द्वारा सत्यापन के समय उनकी अद्यतन स्थिति की जानकारी करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बीट कर्मी द्वारा गुमशुदा/लापता व्यक्ति व बच्चों के मिलने पर ऐप में वर्तमान स्थिति को अपडेट करते हुये थाना प्रभारी/विवेचक को सूचित किया जायेगा। थाना प्रभारी/विवेचक द्वारा तदनुसार कार्यवाही करते हुये इसे **CCTNS Portal** पर **IIF Form-8** को अपडेट कराया जायेगा।

मैं अपेक्षा करता हूँ कि आप उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर संवेदनशील होकर कमिश्नरेट/जनपद में कार्यशाला आयोजित कर उपरोक्तांकित निर्देशों से अधिकारियों/कर्मचारियों को अवगत कराते हुये शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

भवदीय

14/2

(राजीव कृष्णा)

1-समस्त पुलिस आयुक्त,
उत्तर प्रदेश ।
2-समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश।
3-समस्त पुलिस अधीक्षक रेलवेज,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1.अपर पुलिस महानिदेशक, कानून/व्यवस्था, उ0प्र0 लखनऊ।
2.अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध, उ0प्र0 लखनऊ।
3.अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवेज, उ0प्र0, लखनऊ।
4.समस्त जोनल अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिरीक्षक, उ0प्र0।
5.समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, उ0प्र0।

| Missing person Data from 01-01-2024 to 18-01-2026 (found updated till date) | | | |
|---|---|---|---|
| RICT | Total | Found | Found % |
| ANDSHAHAR | 1891 | 1804 | 95.40 |
| AMPUR | 825 | 768 | 93.09 |
| BIJNOR | 1782 | 1651 | 92.65 |
| SHAMLI | 606 | 555 | 91.58 |
| PRATAPGARH | 1137 | 1035 | 91.03 |
| Rural (Commissionerate Ghaziabad) | 2057 | 1855 | 90.18 |
| KAUSHAMBI | 925 | 833 | 90.05 |
| UNNAO | 907 | 812 | 89.53 |
| AMROHA | 724 | 648 | 89.50 |
| MORADABAD | 1834 | 1629 | 88.82 |
| PILIBHIT | 1016 | 897 | 88.29 |
| JALAUN | 886 | 780 | 88.04 |
| FIROZABAD | 1478 | 1296 | 87.69 |
| MAHRAJGANJ | 1609 | 1405 | 87.32 |
| BALRAMPUR | 908 | 791 | 87.11 |
| BAREILLY | 2696 | 2337 | 86.68 |
| RAE BARELI | 1080 | 936 | 86.67 |
| BADAUN | 1031 | 893 | 86.61 |
| Lucknow Central (Commissionerate Lucknow) | 664 | 574 | 86.45 |
| Gomti (Commissionerate Varanasi) | 770 | 661 | 85.84 |
| GORAKHPUR | 2472 | 2121 | 85.80 |
| SHAHJAHANPUR | 1323 | 1133 | 85.64 |
| SAMBHAL | 786 | 671 | 85.37 |
| MAU | 956 | 816 | 85.36 |
| East (Commissionerate Agra) | 552 | 471 | 85.33 |
| Central (Commissionerate Kanpur Nagar) | 572 | 488 | 85.31 |
| HAPUR | 1333 | 1136 | 85.22 |
| KUSHI NAGAR | 1508 | 1278 | 84.75 |
| SIDDHARTH NAGAR | 1086 | 915 | 84.25 |
| West (Commissionerate Agra) | 888 | 748 | 84.23 |
| SHRAVASTI | 494 | 416 | 84.21 |
| Yamunanagar (Commissionerate Prayagraj) | 825 | 693 | 84.00 |
| Ganganagar (Commissionerate Prayagraj) | 789 | 660 | 83.65 |
| KHERI | 1401 | 1170 | 83.51 |
| Kashi (Commissionerate Varanasi) | 1458 | 1213 | 83.20 |
| SANT KABEER NAGAR | 884 | 734 | 83.03 |
| SAHARANPUR | 1938 | 1600 | 82.56 |
| JHANSI | 1501 | 1235 | 82.28 |
| BARABANKI | 930 | 764 | 82.15 |
| Varuna (Commissionerate Varanasi) | 1463 | 1201 | 82.09 |
| KANPUR DEHAT | 1018 | 831 | 81.63 |
| AMETHI | 692 | 563 | 81.36 |
| City (Commissionerate Ghaziabad) | 1665 | 1354 | 81.32 |
| City (Commissionerate Prayagraj) | 1239 | 1007 | 81.28 |
| Commissionerate Gautam Buddha Nagar | 1470 | 1193 | 81.16 |
| AURAIYA | 458 | 371 | 81.00 |
| CHANDAULI | 937 | 759 | 81.00 |
| GONDA | 1210 | 980 | 80.99 |
| LALITPUR | 792 | 641 | 80.93 |
| AYODHYA | 776 | 624 | 80.41 |
| BAGHPAT | 242 | 193 | 79.75 |
| BAHRAICH | 1371 | 1089 | 79.43 |
| BHADOHI | 752 | 597 | 79.39 |

Figure as on 13/02/26

| | | | |
|---|---|---|---|
| [illegible]A | 781 | 619 | 79.26 |
| MUZAFFAR NAGAR | 1156 | 915 | 79.15 |
| East (Commissionerate Kanpur Nagar) | 688 | 544 | 79.07 |
| Lucknow South (Commissionerate Lucknow) | 1419 | 1118 | 78.79 |
| Trans Hindon (Commissionerate Ghaziabad) | 2046 | 1601 | 78.25 |
| BASTI | 1162 | 909 | 78.23 |
| SITAPUR | 1239 | 968 | 78.13 |
| FATEHGARH | 972 | 759 | 78.09 |
| AMBEDKAR NAGAR | 817 | 635 | 77.72 |
| MIRZAPUR | 975 | 754 | 77.33 |
| SONBHADRA | 794 | 614 | 77.33 |
| Lucknow North (Commissionerate Lucknow) | 1075 | 822 | 76.47 |
| MATHURA | 1848 | 1410 | 76.30 |
| HARDOI | 850 | 648 | 76.24 |
| Greater Noida (Commissionerate Gautam Buddha Nagar) | 1039 | 792 | 76.23 |
| BALLIA | 1217 | 926 | 76.09 |
| Lucknow West (Commissionerate Lucknow) | 1460 | 1104 | 75.62 |
| AZAMGARH | 2109 | 1592 | 75.49 |
| KANNAUJ | 558 | 421 | 75.45 |
| KASGANJ | 739 | 556 | 75.24 |
| ALIGARH | 2007 | 1499 | 74.69 |
| HAMIRPUR | 888 | 658 | 74.10 |
| City (Commissionerate Agra) | 2439 | 1807 | 74.09 |
| HATHRAS | 644 | 475 | 73.76 |
| MAINPURI | 1021 | 751 | 73.56 |
| GHAZIPUR | 999 | 732 | 73.27 |
| Lucknow East (Commissionerate Lucknow) | 1376 | 1007 | 73.18 |
| ETAH | 782 | 566 | 72.38 |
| Central (Commissionerate Gautam Buddha Nagar) | 2228 | 1609 | 72.22 |
| BANDA | 1341 | 961 | 71.66 |
| ETAWAH | 613 | 435 | 70.96 |
| SULTANPUR | 871 | 618 | 70.95 |
| GRP SECTION MORADABAD | 54 | 38 | 70.37 |
| MEERUT | 2871 | 2001 | 69.70 |
| GRP SECTION AGRA | 69 | 48 | 69.57 |
| JAUNPUR | 1330 | 880 | 66.17 |
| GRP SECTION LUCKNOW | 68 | 44 | 64.71 |
| GRP SECTION JHANSI | 60 | 37 | 61.67 |
| MAHOBA | 733 | 437 | 59.62 |
| West (Commissionerate Kanpur Nagar) | 638 | 363 | 56.90 |
| CHITRAKOOT | 524 | 291 | 55.53 |
| GRP SECTION PRAYAGRAJ | 57 | 27 | 47.37 |
| South (Commissionerate Kanpur Nagar) | 1420 | 662 | 46.62 |
| GRP SECTION GORAKHPUR | 25 | 11 | 44.00 |
| FATEHPUR | 1748 | 519 | 29.69 |
| KUMBH | 15 | 0 | 0.00 |
| **NULL** | **108372** | **86008** | **79.36** |